हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

11 नेटबॉल टीम के कप्तान प्रवीन को किया सम्मानित



12 रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक व ठाकुर रोशन को दी ...



## खबर संक्षेप

### बिजली मंत्री 21 को करेंगे शिलान्यास

**भिवानी।** अखंड भारत माता मंदिर के मुख्य द्वार का शिलान्यास 21 दिसम्बर को बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला करेंगे। मंदिर के संस्थापक माई महाराज ने बताया कि अखंड भारत माता मंदिर का मुख्य द्वार पूरी तरह से उदयपुर के पत्थरों से बनाया जाएगा। मंदिर का द्वार राजस्थानी पाषाण कला का अद्भुत नमूना होगा। मुख्य द्वार में वहीं पत्थर लगाए जाएंगे, जो अयोध्या के श्रीराम मंदिर में लगाए गए हैं। इस मौके पर स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी।

### संपत्ति सत्यापन पोर्टल 31 तक खुला

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आमजन की भू-सम्पत्तियों की रजिस्ट्रयों का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रूटियों, विवादों के विवरण के लिए पोर्टल पर 31 दिसम्बर, 2023 तक खोला गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लाल डोरा के अन्दर की भू-सम्पत्तियों का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना चलाई गई है।

### फसलों का पंजीकरण 31 तक करवाएं

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद कुमार फोगाट ने बताया विभाग द्वारा मेरी फसल.मेरा ब्योरा पोर्टल चलाया जा रहा है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे रबी फसलों का पंजीकरण 31 दिसंबर तक पोर्टल पर जरूर करवाएं ताकि उन्हें अपनी फसल मंडी में बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### ड्रोन से छिड़काव के लिए 21 तक कोटेशन आमंत्रित

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिलें के विभिन्न गांवों के खेतों में ड्रोन द्वारा सात हजार एकड़ में नैनों यूरिया का छिड़काव करवाना है। इसके लिए इच्छुक किसान व फर्मोर् से 21 दिसंबर तक कोटेशन आमंत्रित की गई है। सहायक कृषि अभियन्ता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि जिला के विभिन्न गांवों में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिडक़ाव करवाया जाना है।

### युवक को मिली ऑडियो रिकॉर्डिंग से धमकी

**बाढ़ड़ा।** डाढी बाना निवासी एक युवक को व्हाट्सएप पर ऑडियो रिकॉर्डिंग के जरिए धमकी दी गई। युवक ने झोझू कलां थाना पुलिस को शिकायत देकर धमकी भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। झोझू कलां थाना पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डाढी बाना निवासी विनित ने बताया कि उसने बखरीजा थाना निजामपूर जिला महेंद्रगढ़ में एक प्राइवेट लिमिटिड कंपनी का काम ले रखा है। उसने बताया कि वह अब अपने घर पर आया हुआ था। इस दौरान उसे व्हाट्सएप्प के जरिए कई कॉल प्राप्त हुई। बाद में उसे तीन ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई हैं जिसमें उसे धमकी दी गई है।

# सुंदर ग्रुप की नहरों का पानी घट कर सात सौ क्यूसेक पर पहुंचा

## सिंचाई विभाग के फूले हाथ-पांव, जुई फीडर को पहले ही किया जा चुका है बंद

### पानी की कमी को लेकर सिंचाई विभाग के अफसर कर रहे मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

तमाम प्रयासों के बावजूद सुंदर ग्रुप की नहरों में पानी नहीं बढ़ पाया,बल्कि मंगलवार को पानी घटकर सात सौ क्यूसेक पर पहुंच गया। पानी की कमी के चलते पहले से ही जुई फीडर को बंद किया हुआ है। अब मिताथल फीडर को बंद किया जा सकता है। क्योंकि फिलहाल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 563 तथा मिताथल फीडर में 145 क्यूसेक पानी बह रहा है। जो कि माइनर व नहर के अंतिम छोर तक नहीं पहुंच सकता। ऐसे में किस तरह से जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके।

हालांकि सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार बढ़ाए जाने की मांग भेज रहे हैं ,लेकिन पानी बढ़ने की बजाए घटने की वजह से अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए है। पानी की कमी को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारी मंथन पर जुटे है। बताते है कि सिंचाई विभाग ने सुंदर ग्रुप की नहरों के लिए साढ़े 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग की थी,लेकिन पानी कम होने की कह कर सुंदर ग्रुप की नहरों को मात्र नौ सौ क्यूसेक पानी मिल पाया है। इतने पानी में तो सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को भी नहीं भरा जा सकता। उसके बावजूद विभाग ने जो पानी मिला। उस पानी को सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व मिताथल फीडर में छोड़ दिया। उस वक्त उक्त दोनों नहरों में नौ सौ क्यूसेक पानी बह रहा था। इस दौरान सिचांई विभाग की तरफ से कई बार पानी बढ़ाऐ जाने की मांग की गई,लेकिन हालत उलट हो गए। पानी बढ़ाने की बजाए पीछे से सुंदर ग्रुप का पानी घटाकर सात सौ क्यूसेक कर दिया। जिसकी वजह से विभाग को मजबूरन सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 563 तथा मिताथल फीडर में 145 क्यूसेक पानी छोड़ा। जुई पहले से ही बंद है और अब मिताथल फीडर को भी बंद करना पड़ सकता है। पानी के लगातार घटने की वजह से अधिकारियों की सांसे फूल गई है।

सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 563 तो मिताथल फीडर में घटकर 145 क्यूसेक बचा पानी



भिवानी। पानी घटने के बाद सुंदर नहर में बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

#### पेयजल संकट लगा गहराने

नहरों में पर्याप्त पानी न पहुंचने की वजह से जलघरों के टैंकों में पानी ही नहीं बचा है। थोड़ा बहुत पानी से ही लोगों का हलक तर कराया जा रहा है। भिवानी शहर में पिछले कई दिनों से पानी की राशनिंग बनी है। यह स्थिति ग्रामीण व कस्बों की है। पीने के पानी का संकट दिन प्रतिदिन गहराने लगा है। अगर जल्द नहरी पानी नहीं पहुंचा तो लोगों को पीने के पानी के लाले पड़ सकते है। क्योंकि कई जलघरों में पीने का पानी ही नहीं बचा है। जिन जलघरों पानी बचा है। उन जलघरों से पानी की सप्लाई की राशनिंग की जा रही है। ताकि हर घर में पानी पहुंच सके।



बाढ़ड़ा। पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कारी मोद में अनुसूचित वर्ग बस्ती में पेयजल समस्या, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव कारीमोद में अनूसूचित वर्ग बस्ती में पेयजल समस्या बनी हुई है। मंगलवार को बस्ती के महिला व पुरुष आप नेता राकेश चांदवास की अगुवाई में एकत्रित हुए और नारेबाजी कर रोष जताया। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल समस्या के समाधान की मांग की है। रोष जता रहे ग्रामीणों ने कहा कि उनकी बस्ती में काफी समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है।

#### नहीं हो रही सुनवाई

ग्रामीणों का कहना है कि वे समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन उनकी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। वे जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को एक बार फिर से ज्ञापन सौपेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी बस्ती में पानी की टंकी बनवाई गई है लेकिन पानी की सप्लाई नहीं आने के कारण उन्हें पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ता है।

■ जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

रोष जता रहे लोगों ने शीघ्र पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग करते हुए उनकी मांग पूरी नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं आम आदमी पार्टी के जिला सचिव राकेश चांदवास ने कहा कि पेयजल समस्या से ग्रामीण खासे परेशान हैं। आम आदमी पार्टी पूरी तरह से इनके साथ हैं और यदि इस माह के अंत तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जाता है तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन शुरू करेंगे।



भिवानी। जिला बाल कल्याण कार्यालय की टीम के महक। फोटो : हरिभूमि

# खरक की डॉ. करिश्मा ने अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में जीता पुरस्कार

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक है डॉ. नंदा, विवि के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने असम कृषि विश्वविद्यालय जोरहाट असम में अगली पीढ़ी की खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए तैयारी विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।

,सम्मेलन में विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ. करिश्मा नंदा एवं डॉ. संदीप आर्य ने मिलिया दुबिया-जौ आधारित कृषि वानिकी प्रणाली के माध्यम से खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण स्थिरता विषय पर लिखे शोध पत्र को जैव विविधता वानिकी जैविक और प्राकृतिक खेती थीम के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है। उन्हें इस शोधपत्र की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। सम्मेलन में गांव खरककलां की बेटी डॉ. करिश्मा नंदा ने भागीदारी की थी, जिन्हें प्रथम पुरस्कार मिला है। बेटी की उपलब्धि पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। प्रथम पुरस्कार जीतने वाली खरककला की बेटी डॉ. करिश्मा ने वरिष्ठ संयोजक डॉ. बीएस बेनिवाल को मार्गदर्शन के लिए आभार जताया तथा इसका श्रेय अपनी माता सविता नंदा व पिता विजय सिंह फौजी को दिया।



भिवानी। डॉ. करिश्मा का स्वागत करते साथी। फोटो : हरिभूमि

■ माता सविता नंदा व पिता विजय सिंह फौजी को दिया श्रेय

#### शुभकामनाएं दी

विवि के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगरा, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल भी उपस्थित रहे।

# बाल आश्रम की महक को मिला 'अपना घर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रयास स्पेशल स्कूल की छात्रा महक बाल सेवा आश्रम में रहती है, उसे अब 18 साल के हो जाने के बाद बाल सेवा आश्रम के नियम के अनुसार दूसरे किसी महिला आश्रम में भेजने का नियम है, लेकिन महक से सभी लोग इतना प्यार करते हैं कि बाल सेवा आश्रम के सदस्य व प्रयास स्कूल स्टाफ चाहते थे कि उसे भिवानी में ही कोई जगह रहने को मिले। इसको लेकर प्रयास स्कूल ने श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर स्थित अपना घर के संचालक से बातचीत की, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मंगलवार को जिला बाल कल्याण कार्यालय में सभी कार्यवाही पूरी कर एवं मेडिकल जांच के बाद महक को अपना घर की टीम के साथ रवाना किया। प्रयास स्पेशल स्कूल की संचालिका संस्कृति जैन ने कहा कि अब महक को श्रीकृष्ण प्रणामी अपना घर आश्रम में नया घर मिल गया हैं। ये घर दीनदुखियों, बेसहारा, मंदबुद्धि, बेघर लोगों को आसरा देता है, उनके रहने-खाने का इंतजाम अपना घर आश्रम में होता है।

■ जिला बाल कल्याण कार्यालय में सभी कार्यवाही पूरी की

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी राजकुमार कोठारी, संदीप, बाल कल्याण समिति के सदस्य रमेश, प्रयास स्पेशल स्कूल की संचालिका संस्कृति जैन, बाल सेवा आश्रम से मोनिका व अपना घर के अध्यक्ष कमल अग्रवाल उपस्थित रहे।

# लंबित सीएम घोषणाओं पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें अधिकारी : एडीसी



**भिवानी।** अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सीएम घोषणाओं के क्त्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंजलि ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित सीएम घोषणाओं पर कार्य शुरू करवाने के लिए जल्द से जल्द प्रशासनिक व विभागीय औपचारिकताएं पूरी करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को सीएम घोषणाओं से संबंधित पोर्टल पर भी अपनी प्रगति को अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एडीसी ने जिला परिषद,राजस्व विभाग, पशु पालन, कृषि विभाग, पंचायती राज, समाज कल्याण, मार्केटिंग बोर्ड, लोक निर्माण विभाग,सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत,खेल विभाग, बैंक, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग,रोड़वेज, शहरी स्थानीय निकाय, जिला सैनिक बोर्ड आदि विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम घोषणाओं के क्त्रियान्वयन की समीक्षा की। इसके साथ.साथ जिन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य चल रहा है, उनको गति प्रदान कर अतिशीघ्र पूरा करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि वे सीएम घोषणाओं से संबंधित पोर्टल को भी अपडेट रखें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# सीएम फ्लाइंग ने डिपू पर मारा छापा, संचालक के घर पर मिला स्टॉक से अधिक चीनी व सरसों तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग टीम ने गांव निहालगढ़ में राशन डिपू पर छापा मारा। इस दौरान टीम को चीनी व सरसों का तेल डिपू संचालक के घर पर मिला जो मशीन स्टॉक से अधिक था। जिसके चलते टीम द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी।

बता दे कि रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग टीम ने गांव निहालगढ़ में गुप्त सूचना के आधार पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व चरखी दादरी गुप्तचार विभाग की टीम के साथ राशन डिपो पर छापेमारी की थी। इस दौरान डिपू संचालक मौके पर मौजूद मिला।

■ डिपू संचालक के घर पर चीनी 90 किलोग्राम व सरसों का तेल 54 लीटर पाया गया

टीम ने स्टॉक मशीन के रिकॉर्ड को चैक किया तो मशीन के स्टॉक अनुसार गेहूं 13.34 क्विंटल, बाजरा 11.96 क्विंटल,चीनी 00 क्विंटल व सरसों का तेल 149 लीटर पाया गया। जिसके बाद वहां मौजूद स्टॉक से मिलान किया तो चैकिंग के दौरान राशन डिपू में तो स्टॉक सही पाया गया लेकिन डिपू संचालक के घर पर चीनी 90 किग्रा व सरसों का तेल 54 लीटर पाया गया। जो स्टॉक मशीन के रिकॉर्ड के अनुसार अधिक था।

#### नहीं मिले कागजात

टीम द्वारा इस संबंध में कागजात मांगे गए तो उसके पास नहीं मिले। जिस पर खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। वहीं टीम द्वारा घर पर मिले चीनी व तेल को डिपू में रखने के लिये उसके हवाले कर दी गई।

## पार्षद अंकुर कौशिक को 24 तो कर्मबीर यादव को 8 मत मिले

# नप को मिला अप्रूवल कमेटी का मेम्बर, वित्तिय मामलों को मिलेगी गति

■ पार्षद अंकुर कौशिक पूर्व सीएलपी लीडर किरण समर्थक तो कर्मबीर यादव इनेलो समर्थक बताए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

तीन बार नगरपरिषद की पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य के चुनाव टलने के बाद मंगलवार को चौथी बार अंकुर कौशिक की ताजपोशी हो गई। चुनाव में नप के 24 पार्षदों ने पार्षद अंकुर कौशिक को अपना समर्थन दिया,जबकि पार्षद कर्मबीर यादव को आठ मत मिले। अप्रूवल कमेटी के सदस्य का चुनाव सपंन्न होने के बाद नप के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

चूंकि पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य के चुनाव के बगैर अनेक वितिय कार्य अटके हुए थे। अब नगरपरिषद के वित्त की वजह से अटकें कार्यों को गति मिल सकेगी। विगत में नप अपूरवल कमेटी के सदस्य के चुनाव को लेकर कुछ पार्षद हाईकोर्ट चले गए थे। क्योंकि उक्त सदस्य के चुनाव को लेकर अब से पहले तीन बार बैठक स्थगित हो चुकी थी। हाईकोर्ट में पार्षदों के जाने के बाद जल्द चुनाव कराए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते विगत में नगरपरिषद में पार्षदों की बैठक बुलाकर उक्त कमेटी के सदस्य के चयन को लेकर आज बैठक बुलाई थी। इस दौरान उक्त कमेटी के सदस्य का चुनाव कराया गया। चुनाव में सभी पार्षदों ने भाग लिया। वोटिंग में 24 पार्षदों ने अंकुर कौशिक को तथा 8 मत कर्मबीर यादव को मिले। बाद में नप द्वारा पार्षद अंकुर कौशिक को विजयी घोषित किया गया। हाईकोर्ट की फटकार के बाद मंगलवार को नप ने सभी पार्षदों को बुलाकर पेमेंट अप्रूवल कमेटी के मेम्बर का चुनाव करवा दिया। मेम्बर बनने के बाद कई दिनों से अटके हुए मामलों का जल्द समाधान हो जाएगा।



भिवानी। जीत के बाद बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### शांतिपूर्वक हुआ चुनाव :भवानी प्रताप

नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि आज पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य का चुनाव शांतिपूर्वक हुआ। चुनाव में दो पार्षदों ने नामाकंन किया था। कर्मबीर यादव तथा अंकुर कौशिक ने नामाकंन किया। अंकुर कौशिक को 24 तथा कर्मबीर यादव को 8 मत मिले। सभी पार्षदों ने शांतिपूर्वक तरीके से मतदान किया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने हाउस की तरफ से विजयी पार्षद को बधाई दी।

# एनरोलमेंट डाटा में जन्मतिथि शुद्धि की जा सकती है 22 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ड. वी पी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने मंगलवार को जारी प्रेस वक्तव्य में बताया कि विद्यालय कक्षा 9वीं व 11वीं के अपलोड किए गए एनरोलमेंट डाटा में 22 दिसम्बरए 2023 तक ऑनलाइन जन्मतिथि में शुद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि विद्यालयों द्वारा वर्ष 2023.24 के कक्षा 9वीं व 11वीं के विद्यार्थियों का डाटा एनरोलमेंट के लिए अपलोड किया गया है कुछ विद्यालयों द्वारा जन्मतिथि में शुद्धि के लिए पोर्टल खोलने की मांग की जा रही थी। शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्र हित के मध्यनजर यह फैसला लिया है कि ऐसे विद्यालय जिन द्वारा विद्यार्थियों की जन्मतिथि में शुद्धि की जानी है तो वे 22 दिसम्बरए 2023 तक 300 रूपये प्रति शुद्धि के साथ विद्यालय के एनरोलमैंट पोर्टल पर ऑनलाइन शुद्धि कर सकते हैं। इसके बाद पोर्टल बन्द कर दिया जाएगा।

■ स्कूलों द्वारा की गई थी पोर्टल खोलने की मांग

## खबर संक्षेप

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है। पीड़ति महिला ने 1 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 मार्च 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।





# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

- हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



### हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक



गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।

### मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना



पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।

### जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से। हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।

### हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग



पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी



कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।

# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए
- दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिं कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी।

लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

**खबर संक्षेप**

## गीता महोत्सव में संस्थाएं करें सहयोग

**चरखी दादरी।** गीता महोत्सव में जिले की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी हो, ये कार्यक्रम सभी का सामूहिक कार्यक्रम हैं और इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें। कार्यक्रम के लिए प्रवेश पूर्ण रूप से निःशुल्क है। उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित सभी नागरिकों से गीता महोत्सव में सहयोग करने और ज्यादा से ज्यादा भाग लेने का अनुरोध किया है।



## ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया

**चरखी दादरी।** गांव घसोला में मेडिकल कॉलेज निर्माण की मंजूरी दिलवाने पर ग्रामीणों ने विधायक नैना चौटाला का आभार प्रकट किया। घसोला गांव के सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह व पूर्व सरपंच रणबीर सहित सैकड़ों संकड़ों ग्रामीण ने विधायक नैना के कार्यालय में पहुंचकर जिला प्रधान नरेश द्वारका, युवा जिला प्रधान रविन्द्र सांगवान एवं किसान शैल जिला प्रधान ऋषिपाल उमरवास को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए विधायक नैना का आभार जताया।

## चबूतरे के निर्माण कार्य के लिए मांगा सहयोग

**भिवानी।** जिले के गांव धनाना में ऐतिहासिक स्थल पर चबूतरे का निर्माण कार्य चल रहा है। चबूतरे का उद्देश्य 36 बिरादरी के भाईचारे को कायम रखने के साथ साथ सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का रहेगा। ये बात गांव धनाना में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जाटू खाप चौरासी के प्रधान कैप्टन भीम सिंह मिताथल ने कही। बैठक में जाटु खाप चौरासी के पदाधिकारी व अन्य ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि 4 जनवरी को सुबह 11 बजे गांव धनाना में ऐतिहासिक स्थल पर निर्माणाधीन चबूतरे को पूरा करने के लिए सर्वजातीय जाटू खाप चौरासी के सभी गांवों की 36 बिरादरी से आर्थिक सहायता लेकर चबूतरे के निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा।

## फूड सेफ्टी टीम ने मारा छापा

**सिवानी मंडी।** फूड सेफ्टी टीम ने मंगलवार को बाजार में छापे मारी की। इस दौरान टीम ने एक किरयाना की दुकान से सेंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। उधर, फूड सेफ्टी टीम के छापे के चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया और दुकानों के शटर गिराकर इधर-उधर खिसक गए। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. पुनीत शर्मा के अनुसार सरकार के निर्देशानुसार मिलावती सामान और नकली मिठाइयां बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सेंपलिंग की जा रही है।

## 13 बोतल अवैध शराब सहित एक व्यक्ति काबू

**हिसार।** थाना बरवाला पुलिस ने गांव खेदड़ बस स्टैंड से एक व्यक्ति को एक प्लास्टिक के कट्टे में 10 बोतल और 7 अद्दे अवैध शराब बरामद हुई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सेक्टर-13 की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

### सीवर की सफाई आधुनिक मशीनों से करवाने की रखी मांग


### सेक्टर-13 में सड़क, सीवरेज व सफाई व्यवस्था का हर बुरा हाल: रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न स्थानों पर कैंप में लगाकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं को सुना जा रहा है तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटान भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में संकल्प यात्रा के सेक्टर-13 में पहुंचने पर दी भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेसर एसोसिएशन के प्रधान एवं आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा की अध्यक्षता में सेक्टरवासियों ने सेक्टर से जुड़ी समस्याओं को यात्रा के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचाया तथा ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सेक्टर-13 में सड़क, सीवरेज, हाई वोल्टेज के खंभों, सफाई समस्या के अलावा बढ़ोत्तरी की राशि देने की मांग की। प्रधान रामकिशन ने कहा कि सेक्टर-13 में सीवर व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। सीवरेज व्यवस्था बदहाल होने के कारण गदंगी का आलम बना रहता है, वहीं वातावरण भी बदबूमय रहता है, जिसके चलते क्षेत्रवासी खासे परेशान है, ऐसे में यहां की सीवर की सफाई आधुनिक मशीनों से करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

**सड़कों की दुर्दशा तथा बारिश के पानी की निकासी बड़ी समस्या**

इसके अलावा सड़कों की दुर्दशा बहुत बड़ी समस्या है तथा बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था समुचित नहीं है। शर्मा ने कहा कि सेक्टर-13 में वृद्धाश्रम में कार्यरत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को करीबन डेढ़ वर्ष का वेतन देने की बजाय उसे नौकरी से हटा दिया, जिसके चलते उसके परिवार का गुजर-बसर मुश्किल हो गया और वृद्धाश्रम में परेशानी बढ़ गई। इस मौके पर मदनलाल, डॉ. फूलसिंह, ओमप्रकाश, रामधन जांगड़ा, डॉ. सतबीर, धर्मबीर रंगा मौजूद रहे।



भिवानी। सेक्टर की समस्याओं को ज्ञापन सौंपते रामकिशन शर्मा व अन्य।

**हटाए गए कर्मी को दोबारा नौकरी पर लगाने की मांग**

वृद्धाश्रम से हटाए गए कर्मी को दोबारा नौकरी पर लगाया जाए। सेक्टर-13 में बीचों-बीच हाई वोल्टेज के खंभे लगे हुए है, जिसके चलते सेक्टरवासियों को हमेशा डर के साये में रहना पड़ता है। वहीं वर्ष 2015 से निर्माणाधीन जिमखाना अधूरा पड़ा है, उसका कार्य पूर्ण करवाया जाए। बुजुर्ग 65-70-75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे है।

**कष्ट निवारण समिति की बैठक में उठाया मुद्दा, फिर भी समाधान नहीं**

शर्मा ने कहा कि कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के अलावा कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी ये मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अधिकारियों से मांग की कि सेक्टर-13 व 23 की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए, अन्यथा सेक्टरवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


### हरियाणा की टीम को जीत दिलाने में अहम रोल

# नेटबॉल टीम के कप्तान प्रवीन को किया सम्मानित

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय भाखड़ा के पीटीआई प्रवीण की कप्तानी में हरियाणा ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हाल ही में 41वीं सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा की टीम के कप्तान गांव धारेडू निवासी पीटीआई प्रवीण भारद्वाज का मंगलवार को गांव भाखड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने विजेता टीम के कप्तान एवं स्कूल के पीटीआई प्रवीण भारद्वाज को फूलमाला पहनाकर, स्मृति चिह्न, किट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय मुखिया कमल सिंह ने कहा कि प्रवीण भारद्वाज उनके विद्यालय में बतौर पीटीआई तैनात है। उन्होंने कहा कि प्रवीण भारद्वाज के नेतृत्व में हरियाणा की नेटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है, जो उनके विद्यालय के लिए गौरव की बात है।





भिवानी। हरियाणा नेटबॉल टीम के कप्तान एवं पीटीआई प्रवीण भारद्वाज को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

**जीत के लिए प्रतिभा व नेतृत्व की जरूरत**

उन्होंने कहा कि टीम को जीत दिलाने में खिलाड़ियों की प्रतिभा के साथ-साथ अच्छे नेतृत्व की भी आवश्यकता होती है तथा प्रवीण ने अपने बेहतरीन नेतृत्व की प्रतिभा के बल पर टीम को जीत दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रवीण बतौर पीटीआई उनके विद्यालय में भी बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करेंगे,। इस मौके पर अध्यापक राजेश कुमार, सुनील कुमारी, विनोद, मुकेश सोलंकी, शोभा प्रधान सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## रेसलिंग में दीक्षा ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव अजीतपुर की बेटी दीक्षा मलिक ने मोहाली में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीता। पदक विजेता बेटी का मंगलवार को गांव में पहुंचने पर परिजनों व खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान दीक्षा को नोटों व फूलों की माला से पहनाकर सम्मान किया और विजय जुलूस निकाला। दीक्षा के पिता सुरेश मलिक ने बताया की मोहाली में 4 से 6 दिसंबर तक हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग में 65 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए दीक्षा ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें बेटी पर गर्व है। दीक्षा मलिक ने कहा कि उनका सपना हैं कि वे ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करें, जिसके



लिए वे कड़ा अभ्यास कर रही है। इस अवसर पर ठाकुर विक्रम सिंह मुख्यतिथि के तौर पर खिलाड़ी का हौंसला बढ़ाने के लिए पहुंचे और उन्होंने दीक्षा को आशीर्वाद देते हुए ओलंपिक में खेलकर गोल्ड मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सरपंच चंद्रसिंह, राजेंद्र मलिक, दिलबाग पुनिया, अतर मलिक, पवन, सुखबीर, बलवान, आशीष, कृष्ण, संदीप, दिलबाग, बलवान, कृष्ण यादव, हवा सिंह, धर्मराज निमड़ीवाली, पप्पू मलिक, शमशेर, धर्मचंद, मांगे सिवाच आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरणसिंह को किया नमन

- चौधरी चरणसिंह किसान कमरे वर्ग के सच्चे हितैषी थे : कामरेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी व सर्वजातीय श्योराण खाप पंचायत के आह्वान पर किसानों ने अनाज मंडी बहल में पंचायत आयोजित की। पंचायत में निर्णय लिया कि किसान नेता स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह की जयंती पर 24 दिसम्बर को गांव ओबरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

क्षेत्र के किसान इस दिन स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह को याद कर उन्हें नमन करेंगे।शनिवार को बहल की अनाज मंडी में आयोजित पंचायत की अध्यक्षता किसान सभा बहल के प्रधान सूबेदार धनपत सिंह व कर्मबीर फरटिया ने की। पंचायत में वक्ता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि चौधरी चरणसिंह किसान कमरे वर्ग के सच्चे हितैषी थे, हम किसान उनके असली वारिस हैं, जबकि भाजपा उनके नाम को कैश करना चाहती है जो सरासर गलत है। कामरेड दयानंद पूनिया ने कहा कि जयंती समारोह में चौधरी चरणसिंह के सुपौत्र एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी को आमंत्रित किया है जो कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर किसान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। समस्त लोहारू हलके के किसान नेताओं की 51 सदस्यीय समिति का गठन किया है।



भिवानी। बहल अनाज मंडी में आयोजित किसान पंचायत में बोलते वक्ता।

## मकड़ाना सहित बाढ़ड़ा विस के 6 गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के मकड़ाना सहित छह गांवों में पहुंची। इन कार्यक्रमों में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांढी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनिता दांगी, जिप चेयरमैन मंदीप सहित अनेक पदाधिकारियों व अधिकारियों ने शिरकत की।

यात्रा पहुंचने पर गांवों में कायक्रम आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाले लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जनकारी दी गई व उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। मंगलवार को जिला के लाडावास व बीजणा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांडी कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत है। वहीं मकड़ानी व मकड़ाना में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर उसकी का परिणाम है।

## गांवों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**चरखी दादरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार को यात्रा जिला के ढाणी गुजरान, नौरंगाबास जाटान, द्वारका, डांढमा, इमलोटा व बिगोवागांव में पहुंचेगी। यात्रा के कार्यक्रम के दौरान आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं बारे जागरूक करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्य के तीन प्रचार वाहन मंगलवार 20 दिसंबर को निर्धारित शेड्यूल अनुसार प्रातः 10 बजे से व सायं 3 बजे से गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभान्वित करेंगे।

## लोगों के जीवन को घोर निराशा से निकालने का काम करते हैं गीता के उपदेश: करूणा



**भिवानी।** भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गीता के उपदेश आज के समय में भी लोगों के जीवन को घोर निराशा से निकालने का काम करते है। गीता को न सिर्फ हिंदू, बल्कि दूसरे धर्म से जुड़े लोग भी अपने जीवन में अपनाते है। धार्मिक ग्रंथ गीता में बताया गया कि जब अर्जुन अपने कर्तव्यों से भटक गए थे, तो कुरुक्षेत्र के मैदान में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया था, वह श्रीमद्भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध है। ये बात कथाव्यास महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी ने हनुमान जोहड़ी मंदिर में जारी 9 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में श्रद्धालुओं को कही। बता दें कि युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा मंदिर में गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत 17 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ हुई थी। 9 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथाव्यास महामंडलेश्वर करूणा गिरी श्रद्धालुओं को गीता के महत्व से रूबरू करवा रही है।

## प्रश्नोत्तरी में सत्येंद्र बोस टीम प्रथम

- भिवानी पब्लिक स्कूल में मेगा क्विज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल में मेगा क्विज के दूसरे संकलन का आयोजन किया गया। पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों ने इसके सभी चरणों को ऑनलाइन व ऑफलाइन आदि तरीकों से पूरा कर शत-प्रतिशत प्रतिभागिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। अंतिम चरण में ग्रुप बी व सी में से 168 विद्यार्थियों का चुनाव हुआ। सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय पर आधारित क्विज में भौगोलिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, मनोरंजन, खेल संबंधी, फिजिक्स, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, इसरो, रैपिड फायर,आईडेंटिफाई फोटोग्राफ व बीपीएस के बारे में प्रश्नोत्तरी करवाई गई। सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सी ग्रुप में अशोका टीम प्रथम और समुद्रगुप्त टीम द्वितीय, स्थान पर रही। ग्रुप बी में चाणक्य टीम प्रथम, समुद्रगुप्त टीम द्वितीय, पृथ्वीराज टीम तृतीय रही। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सी ग्रुप में सत्येंद्र बोस टीम ने प्रथम, सीवी रमन टीम ने द्वितीय, जेसी बोस टीम ने तृतीय स्थान जीता। विज्ञान में ग्रुप बी में सत्येंद्र बोस ने प्रथम, जेसी बोस ने द्वितीय और होमी जहांगीर भाभा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्टार परफॉर्मर का स्थान वंशिका, सूर्यांश, तेजस, देव चौधरी ने प्राप्त किया।



भिवानी। क्विज प्रतियोगिता के दौरान टीम से प्रश्न पूछते शिक्षक।

## संकल्प यात्रा से घर बैठे मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ



**भिवानी।** केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं को लेकर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा हनुमान ढ़ाणी में पहुंची और क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनीं। यात्रा का सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और संस्था ने विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों की विजिट करवाई। विद्यार्थियों ने यात्रा रथ और प्रधानमंत्री के सेल्फी स्टैंड और लाभकारी योजनाओं की स्टॉल के साथ सेल्फी ली और विद्यार्थियों ने यात्रा के साथ पहुंचे प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ पानी,पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज एवं विद्यालय एमडी सावित्री यादव ने कहा कि यात्रा में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

### गड्ढा खोदकर अधिकारी दे रहे हादसों को न्योता : धमीजा

# कृष्णा कॉलोनी में सड़क के बीच सात फुट का गड्ढा

- कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों : प्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कृष्णा कॉलोनी स्थित लालदास चौक पर सड़क के बीचो-बीच बना गड्ढा बड़ी घटनाओं को न्योता दे रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्रवासियों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा हैं और इससे कोई बड़ा हादसा भी हो सकता हैं। क्षेत्रवासियों की परेशानी की ओर विभाग का कोई ध्यान नहीं हैं। उक्त मार्ग पर प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन चलते है, जिनमें स्कूल बसें भी शामिल हैं। विभाग की लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती हैं। सड़क के बीच खोदे गए गड्ढे की समस्या से कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन प्रशासन चैन की नींद सोया हुआ है तथा किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में मंगलवार को कृष्णा कॉलोनी क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूटा और उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर हांसी गेट मार्केट के प्रधान प्रेम धमीजा ने बताया कि करीबन एक माह पहले जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की पाइप लाइन लीकेज की जांच के चलते सड़क के बीचों-बीच गड्ढा खोदा था, लेकिन एक माह बाद भी न तो लीकेज ठीक हो पाई और न ही गड्ढा भरा जा गया। धमीजा ने कहा कि पेयजल सप्लाई आती है, तब इस गड्ढे में पानी भर जाता है और गंदा पानी घरों में सप्लाई हो रहा हैं। इसके साथ ही पानी घरों की दीवारों में रिसाव हो रहा हैं, जिससे मकानों को नुकसान पहुंच रहा हैं। धमीजा ने प्रशासन से मांग की कि गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाया जाए, ताकि बड़ा हादसा होने से रोका जा सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि जल्द ही गड्ढे को नहीं भरा गया तो प्रदर्शन से प्रशासन को जगाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर ओपी नंदवानी, मोनू सिक्का, राजकुमार मेहता, सुमित्रा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। कृष्णा कॉलोनी में खोदा गया गड्ढा दिखाते क्षेत्रवासी।

# डीसी ने लिया रैली स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

24 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह के जन्मदिवस पर गांव सिंघानी में आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस अन्नदाता महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीसी नरेश नरवाल और एसपी वरुण सिंगला ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उपायुक्त नरेश नरवाल ने निर्देश देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल इस किसान सम्मान दिवस में मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अलावा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए एक अलग से मंच बनाया जाए।



**इलाके हजारों किसान लेंगे हिस्सा:जेपी दलाल**

प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सिंघानी में 24 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव सहित पार्टी के अनेक नेता इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी अशोक कुमार, अधीक्षक अभियंता सुरेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार, मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता अजय राठी,एक्सईएन संभव जैन, बीडीपीओ धर्मपाल, एक्सईएन कपिल देव, जेपी दुबे, मंडल अध्यक्ष कैप्टन रामफल, पूर्व चेयरमैन राजीव श्योराण, बलवंत गोठड़ा, बलवान जांगड़ा, रोहतास लांबा, लीला ढाका, अरुण खरकड़ी, सोनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### खानक पहाड़ को शीघ्र चलाने की मांग की

**तोशाम।** तोशाम क्षेत्र के लोगों के रोजगार की एकमात्र बड़ी उम्मीद खानक पहाड़ को शीघ्र चलाने की मांग को लेकर ज़िला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री से मुलाक़ात की व खानक पहाड़ को शीघ्र चलाने की माँग की। मलिक ने कहा की खानक पहाड़ से 60.70 हज़ार लोगों को रोज़गार मिलता है जिसमे गाड़ी ड्राइवर, दुकानदार, क्रैशर मालिक आदि ग्रामवासी शामिल हैं।



### स्कोर कार्ड में राज्य ने 8वां नंबर प्राप्त किया

**भिवानी।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर की अध्यक्षता में कार्यालय में डीपीआईयू के आयोजन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएमजीजी,रोहन मौजूद रहे। बैठक में श्रीमती नागर ने बताया कि इस बार स्कोर कार्ड में जिला ने पिछले माह 13 के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य में 8वां नम्बर प्राप्त किया है। इसके लिए मॉनिटरिंग विजिट के टारगेट को बेहतर करने पर जोर दिया गया।



### समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

**भिवानी।** बिजली, पानी, सीवरेज, सड़क ये सभी मूलभूत आवश्यकताएं है तथा जनता को ये मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार व प्रशासन का दायित्व है, लेकिन सरकार व प्रशासन अपने दायित्व से पीछे हट रही है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है, ऐसा ही नजारा इन दिनों हालुवास गेट, मुक्ति धाम रोड पर देखा जा सकता है, जहां प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के कारण आमजन परेशान हो रहे है।

## भाजपाइयों व ग्रामीणों ने महान क्रांतिकारियों को किया नमन

# रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक व ठाकुर रोशन को दी श्रद्धांजलि

### अमर शहीदों की शहादत के कारण ही खुली हवां में ले रहे सांस: रीतिक, शहीद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह व ठाकुर रोशन के बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** शहीद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह व ठाकुर रोशन को नमन करते रीतिक वधवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने कांकोरी कांड के हीरो एवं अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान व ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित कर तीनों महान शहीदों को श्रद्घाजंलि अर्पित की। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि देश की आजादी के लिए अंग्रेजी साम्राज्य के विरूद्घ सशस्त्र संघर्ष छेड़ने के लिए इन्होंने अपने क्रांतिकारी साथियों के साथ काकोरी में रेल से जा रहे सरकारी खजाने पर कब्जा किया और उस धन को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए हथियार खरीदें।

काकोरी कांड के इन तीनों महान शहीदों ने क्रांतिकारी राजेन्द्र नाथ लाहड़ी के साथ मिलकर अंग्रेजों के विरूद्घ सशस्त्र संघर्ष की योजना बनाई। वधवा ने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत ने गोडा जेल में 26 वर्ष की आयु में 17 दिसंबर 1927 को क्रांतिकारी राजेन्द्रनाथ लाहड़ी को फांसी पर लटका दिया। वहीं 19 दिसंबर 1927 को अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखापुर जेल, 19 दिसंबर को अमर शहीद अशफाक उल्ला खां को यूपी की फैजाबाद जेल व ठाकुर रोशन सिंह को फांसी पर लटका दिया। इन क्रांतिकारियों के बलिदान से देश में अंग्रेजों के विरूद्घ सशस्त्र संघर्ष करने को क्रांतिकारी आंदोलन में नई प्रेरणा पैदा हुई, जिस कारण शहीद चन्द्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव जैसे वीर क्रांतिकारियों ने क्रांति एवं बलिदान का एक नया इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की शहादत की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। आज शोषण, अन्याय, गैरबराबरी व साम्प्रदायिक उन्माद, जातिवाद, क्षेत्रवाद व आतंकवाद के विरूद्घ लड़ते हुए देश की एकता, अखंडता के लिए बलिदान करने की प्ररेणा मिलती है। इस मौके पर रमेश चौधरी, सुनील चौहान, मुकेश, नरेंद्र, प्रदीप, राजेश, राजन व दीपक ने अमर शहीद बिस्मिल, अशफाक उल्ला व ठाकुर रोशन को श्रद्घांजलि अर्पित की।



### अमर शहीद अशफाक उल्लाह, ठाकुर रोशन व बिस्मिल को किया नमन

**भिवानी।** नई अनाज मंडी में महान क्रांतिकारी अशफाक उल्लाह खां, ठाकुर रोशन सिंह व रामप्रसाद बिस्मिल की पुण्यतिथि पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके त्याग एवं संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलते देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजू मेहरा ने कहा कि 1922 में गोरखपुर में हुए चोरा चोरी कांड के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया। गांधीजी के फैसले से युवा क्रांतिकारी निराश हो गए। आंदोलन से निराश युवाओं ने सचीन्द्रनाश सान्याल के नेतृत्व में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की, जिसमें योगेशचन्द्र चटर्जी, रामप्रसाद बिस्मिल, सचिन्द्रनाथ बक्शी शामिल थे। हथियार खरीदने के लिए पैसों की जरूरत को पूरा करने के लिए क्रांतिकारियों ने 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर से लखनऊ जा रही ट्रेन को काकोरी स्टेशन पर रोककर बंदूक की नोक पर गार्ड को बंधक बनाकर लूटा। घटना से ब्रिटिश सरकार में भूचाल मच गया तथा एक महीने के अंदर करीब 40 लोगों को गिरफ्तार किया तथा 6 अप्रैल 1927 को फैसला सुनाया, जिसमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, राजेंद्र लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई। 19 दिसंबर 1927 में रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल, अशफाक उल्लाह खान को फैजाबाद जेल और रोशन सिंह को इलाहाबाद में फांसी दी गई। इस अवसर पर वीरेंद्र भाकर, रामबीर शमा, अनुज यादव, पूजा दलाल, जयसिंह खरकिया, विकास श्योराण, रविंद्र वैध, रविकुमार, नरेंद्र भैणी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विस स्पीकर चौहान राजनेताओं व पीढ़ियों के लिए रहेंगे प्रेरणास्त्रोत

- पूर्व स्पीकर चौहान के निधन पर पूर्व शिक्षा मंत्री शर्मा ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



पूर्व विधानसभा स्पीकर प्रोफेसर छतर सिंह चौहान का गत दिनों निधन हो गया। प्रोफेसर चौहान के निधन होने पर उनके आवास पर पूर्व शिक्षामंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने पहुंचकर शोक जताया। पूर्व शिक्षामंत्री प्रोफेसर रामबिलास ने कहा कि सादगी एवं स्वच्छ राजनीति के प्रतीक रहे प्रोफेसर छतर सिंह चौहान हमेशा नए राजनेताओं व पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। प्रोफेसर चौहान ने राजनीतिक जीवन में अपनी अलग तरह की राजनीति की मिसाल दी और एक ऐसे नेता की पहचान बनाई, जिसकी विरोधियों में प्रशंसा होती थी। पूर्व शिक्षामंत्री प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि प्रोफेसर छतर सिंह बहुत ही मिलनसार व उच्च विचारों के धनी थे। चौहान इस दुनिया में नहीं है फिर भी उनके द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत उन्हें याद किया जाता रहेगा।

## यूरिया के साथ किसी सामान की टेगिंग की तो नपेंगे विक्रेता

- यूरिया की कोई कमी नहीं विभिन्न एजेंसियों के पास पहुंचा 45 हजार 340 बैग यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश के कृषि मंत्री मंत्री जयप्रकाश दलाल के निर्देशानुसार किसानों को समय पर यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जा रही व इसकी जो गुणवत्ता के बारे में भी समय.समय पर सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले में यूरिया खाद की कोई कमी नहीं है।

हैफेड केंद्र, पैक्स कॉपरेटिव सोसायटी व अधिकृत विक्त्रेताओं के पास 18 दिसंबर को एनएफएल कंपनी का 45 हजार 340 बैग यूरिया पहुंचा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद कुमार फो गाट ने बताया कि किसानों को रबी फसलों की बिजाई के लिए सितम्बर माह से अब तक 78 हजार 1350 बैंग यूरिया वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 18 दिसबंर को जिला में विभिन्न एजेंसियों के पास एक लाख 14 हजार 900 बैंग यूरिया उपलब्ध है और अनाज मंडी स्थित हैफेड केंद्र एवं जिले में स्थित पैक्स, कॉपरेटिव सोसायटी एवं अधिकृत विक्रेताओं के पास एनएफएल कंपनी का 45 हजार 340 बैग यूरिया पहुंचा है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर यूरिया खाद उपलब्ध है। जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है।



### अंत्योदय के सपने को पूरा करने को किए जा

**चरखी दादरी।** केन्द्र व राज्य सरकार अंत्योदय के सपने को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा वास्तव में अंत्योदय के सपने को साकार करने में अहम साबित हो रही है। मंगलवार को लाडावास व बीजणा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांडी ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत है और लोगों की भलाई के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर द्वार जाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का वास्तव में लोगों को लाभ हो रहा है और मौके पर ही लोगों की समस्याएं दूर हो रही है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने कहा कि प्रधानमंत्री

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, बोरी रेस, उल्टा दौड़ रेस, रस्सा दौड़ रेस एमंकी रेस,मेंढक रेस करवाई

हलवासीय विद्या विहार के प्राथमिक विभाग में वार्षिक खेल.कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलजी से पंचम तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेलों का शुभारंभ स्कूल प्रशासक दीवान चंद रहेजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया । साथ में स्कूल प्रधानाचार्य विमलेश आय, उप-प्रधानाचार्या सरला शर्मा एवं खेल आचार्या संजू लता रहे । इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, बोरी रेस, उल्टा दौड़ रेस, रस्सा दौड़ रेस एमंकी रेस,मेंढक रेस, बनाना रेस आदि में लगभग 250 बच्चों ने बढ़ .चढ़कर भाग लिया ।




**भिवानी।** पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कक्षा तृतीय से पंचम तक के परिणाम इस प्रकार रहे

कक्षा तृतीय में 100 मीटर रेस में रबिश, काव्यांजलि प्रथम अर्जुन ,पाविका द्विितीय एवं दिव्यांश,मनस्वी तृतीय स्थान पर रहे। जंप रेस में मयंक, अन्यया, मनस्वी प्रथम, वेदांश, मानवी द्वितीय और वेदांग, ईशा तृतीय स्थान पर रहे । 50 मीटर बेक रेस में रक्षित, लिनशा प्रथम वेदांत, हर्षिता द्वितीय एवं खेवन,तनु तीसरे स्थान पर रहे। हर्डल बैग पैक रेस में चिराग, प्राची प्रथम दैविक,अंशिका द्वितीय एवं भाविका, आशिता तृतीय स्थान पर रहे।

### कक्षा चतुर्थ के परिणाम इस प्रकार रहे

100 मीटर रेस में लोमा, सायरा प्रथम परतू ,अवनी द्वितीय समर्थ एवं रिद्धि तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस में मनला, भावना प्रथम दिव्यांश ,आयुषी द्वितीय और धूरव एवं हिमानी तृतीय स्थान पर रहे। बोरी रेसमें वीर मेहरा प्रथम, नक्श द्वितीय, एवं बंटू तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं की रस्सा दौड़ में भाविका प्रथम, जिजीशा द्वितीय, नव्या तृतीय स्थान पर रही ।लॉन्ग जंप में मुकेश ,दिशा प्रथम हिमांशु, दिव्यांशी द्वितीय एवं शौर्य ,रक्षिता तीसरे स्थान पर रहे।

### कक्षा पांचवी के परिणाम

100 मीटर रेस में हर्षवर्धन,आराध्या प्रथम अर्णव,नव्या द्वितीय और लकी ,अंशिका तृतीय स्थान पर रहे । 200 मीटर रेस में दीक्षांत, काव्या प्रथम आरुष ,हिमाक्षी द्वितीय मुकुल , हुनर तृतीय स्थान पर रहे ।छात्रों की बोरी रेस में यानिक सोनी प्रथम,लक्ष्य द्वितीय, माधव तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं की रास्सा दौड़ में उर्वी प्रथम, नियति द्वितीय एवं पलक तीसरे स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में केशव,लावण्या प्रथम ,ऋषभ, तन्वी द्वितीय स्थान पर और जतिन ,सिद्धि तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसक दीवान चंद रहेजा ने विजेता छात्र.छात्राओं को मेडल पहना कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहां की खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इसमें सभी बच्चों को बढ़.कर कर भाग लेना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक विकास के साथ.साथ आत्मविश्वास की भावना भी प्रबल होती है। आचार्य कोमल सोनी द्वारा शानदार मंच संचालन व कमेंट्री की गई। आचार्या संजू लता और आचार्य दानवीर राणा ने खेलों को बड़े नियोजित ढंग से संपन्न करवाया ।

### श्रीकृष्ण-अर्जुन की तरह गुरु-शिष्य चाहिएः यादव

**भिवानी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा गीता जयंती महोत्सव के तहत सांस्कृतिक एवं गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में संगीतमय गीता श्लोक उच्चारण पाठ कार्यक्रम में कलाकार विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य, अभिनय व संगीतमय अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालिका सावित्री यादव और शिक्षाविद ग्रेसी कुट्टी ने की तथा स्वागत अध्यक्ष सतीश यादव रहे। कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज और सावित्री यादव ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी गीता का अनुसरण करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंदों की कर रहा मदद

**भिवानी।** इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कई बार असहाय जरूरतमंद लोग अपनी जान तक गंवा देते है, ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि रैन बसेरों का प्रबंध करवाया जाए, ताकि ठंड की चपेट में आने से किसी को बचाया जा सके, ये बात नगर सुधार मंडल मार्केट के प्रधान महाबीर जांगड़ा ने पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से घायल एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक मदद के हाथ बढ़ाते हुए कही। जांगड़ा ने बताया कि मार्केट में एक घायल एवं जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से ठिठुर रहा था, जिसको देखकर उन्होंने तुरंत पालेराम चैरिटबेल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल को सूचना दी। इसके बाद वे जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने पहुंचे तथा मार्केट के प्रधान महाबीर व ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने घायल व्यक्ति की मरहम पट्टी कर उसे भोजन करवाया तथा उसे कंबल देकर ठंड से बचाव किया। जांगड़ा ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि ठंड के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में रैन बसेरों का प्रबंध किया जाए, ताकि किसी ठंड की चपेट में आने से कोई जरूरतमंद व्यक्ति काल का ग्रास न बने। ट्रस्ट के संस्थापक संभ्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक मदद के हाथ पहुंचाएं जाएं, ताकि सुविधाओं के अभाव में कोई भी व्यक्ति जीवनयापन न करें। उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाएं। इस मौके पर सतीश शर्मा, जगबीर जाखड़, विरेंद्र मिंटू, अनिल शर्मा, विनोद, मुकेश काली, प्रदीप, मनीष, शशि पालुवास मौजूद थे।



- ठंड में ठिठुरते असहाय एवं घायल को करवाए गर्मवस्त्र व भोजन उपलब्ध
- ठंड के मौसम को देखते हुए रैन बसेरों का प्रबंध करवाए प्रशासन : जांगड़ा
- प्रत्येक जरूरतमंद तक मदद के हाथ पहुंचाना ट्रस्ट का उद्देश्य : संभ्रवाल

### ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव सरल व ढाणी सरल पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विकसित भारत का संकल्प करवाया गया। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस सपने एवं संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर सभी में उत्साह व जोश है।



#### पूरे देश में एक झंडा व एक संविधान

इस मौके पर पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 को तोड़कर भारत को एक करने का काम किया है। अब पूरे देश में एक झंडा व एक संविधान है। जम्मू.कश्मीर में भी अमन व शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में जनहित की सरकार हैं और सभी वर्गो के हितों के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों व जरूरतमंद लोगों की सरकार है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज हो रहा है। चिरायु कार्ड के माध्यम से भी यह सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं।

### सीजेएम ने उपमंडल विधिक सेवा समिति के कार्योंं की समीक्षा की

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम कपिल राठी ने न्यायिक परिसर सिवानी,तोशाम, लोहारू का दौरा कर पैनल अधिवक्ता मध्यस्थो और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की बैठक ली। इन अलग.अलग बैठकों में तोशाम,सिवानी और लोहारू उप मंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्षों एवं एसडीजेएम सीनियर डिवीजन जजों की उपस्थिति में सीजेएम कपिल राठी ने उपमंडल विधिक सेवा समिति के कार्योंं की विस्तार से समीक्षा की। सीजेएम ने कहा कि कानूनी सहायता बाने जनता को जागरूक किया जाए।

## महिला व उसके पुत्रों के कथित दुर्व्यवहार से तंग आकर एसपी से मिलने पहुंचे क्षेत्रवासी

# चेजारान ढाणी मोहल्ले के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

### पुलिस प्रशासन की तरफ से जिला निरीक्षक सरोज ने ज्ञापन लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पतराम गेट के नजदीक चेजारान ढाणी मोहल्ले में एक महिला व उसके दो बेटों के कथित गाली गलोच, मारपीट व दुर्व्यवहार करने से तंग आकर क्षेत्रवासियों ने एसपी को शिकायत दी और उन्होंने मोहल्ले में हो रही कथित गुंडागर्दी पर रोक लगाने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

पुलिस प्रशासन की तरफ से जिला निरीक्षक सरोज ने क्षेत्रवासियों का ज्ञापन लिया तथा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कामरेड अमीरसिंह, सुशील गुप्ता, अन्जुबाला सैनी व बिमला वर्मा ने किया। इस अवसर पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पड़ोसी परिवार के कथित दुर्व्यवहार से पिछल्ले कई दिनों से इतने लोग तंग हैं। महिला व बच्चे परेशान हैं, इसलिए पुलिस प्रशासन को उक्त परिवार की कथित दुर्व्यवहार की हरकतों पर तुरन्त रोक लगानी चाहिए, अन्यथा उन्हें भी इन पीड़ित नागरिकों के साथ आकर विरोध का दायरा बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा।



**भिवानी।** पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपते चेजारान ढाणी मोहल्ले के लोग।

उन्होंने जिला निरीक्षक सरोज से अनुरोध किया कि वे महिला होने के नाते मामले की पूरी जांच पड़ताल करें और स्थानीय नागरिकों की शिकायतों का न्यायोचित निपटारा करवाएं। उन्होंने कहा कि रामगंज मोहल्ले में भी कथित बाहुबलियों ने दो परिवारों की महिलाओं व बच्चों की मामूली कहासुनी पर तलवारों व रॉड से निर्मम पिटाई की है, गंभीर चोट के कारण उन्हें रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाना पड़ा। पीड़ित परिवार ने प्रवर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला से न्याय की गुहार की तथा आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर किरण गुप्ता, बिट्टू कामिया, मीनू वर्मा, ललिता वर्मा, विकास सैनी, हवासिंह सरदार, बिमला वर्मा व कृष्णा वर्मा आदि मौजूद रहे।